# कार्यालय-जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव

उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर, छ.ग. 494334
Mail Id – mis.kanker@gmail.com | पता-जिला शिक्षा अधिकारी, जिला उत्तर बस्तर कांकेर,

## -:: संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन ::-

क्रमांक/........16......./जिला शिक्षा/सेजेस/भर्ती/2025-26 कांकेर, दिनांक...1../.4/2026

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के द्वारा जिला उत्तर बस्तर कांकेर में संचालित सेजेस विद्यालय के शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय संविदा कर्मचारियों के पद स्वीकृत किया गया है। उपरोक्त स्वीकृत पदों के विरूद्ध रिक्त पदों की भर्ती हेतु निहित शर्तो के अंतर्गत योग्यताधारी आवेदकों से लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ के पत्र क्रमांक 153566 दिनॉक 17.10.2025 के तहत संविदा भर्ती के तहत मानक विज्ञापन के नियमानुसार ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है, आवेदन जिले की अधिकारिक वेबसाईट www.kanker.gov.in में जारी निर्देश के तहत ऑनलाईन वेबसाईट के माध्यम से आवेदन फार्म निःशुल्क मॅगाया जाना प्रस्तावित है। ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 21-4-2026 .......... सायं 05:00 बजे तक निर्धारित है। महोदय उपरोक्तानुसार विद्यालयों में रिक्त पदों सुची/माध्यम एवं पद वर्ग निम्नानुसार है:-

01) विद्यालय का नामः- सेजेस अंतागढ :-

| क्रमांक | पद नाम | विषय | माध्यम | रिक्त पद संख्या | वर्ग | रिर्माक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 2 | शिक्षक | गणित | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 3 | सहायक शिक्षक | - | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 4 | सहायक शिक्षक विज्ञान | भौतिक | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| | | | कुल रिक्त पद | 4 | | |

02) विद्यालय का नामः- सेजेस आमाबेडा :-

| क्रमांक | पद नाम | विषय | माध्यम | रिक्त पद संख्या | वर्ग | रिर्माक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सहायक शिक्षक | - | अंग्रेजी माध्यम | 2 | 01 अनारक्षित<br>01 अजा | |
| 2 | प्रयोगशाला सहायक | - | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अजजा | |
| | | | कुल रिक्त पद | 3 | | |

D:\UC

Scanned with OKEN Scanner

03) विद्यालय का नामः- सेजेस भानुप्रतापपुर :-

| क्रमांक | पद नाम | विषय | माध्यम | रिक्त पद संख्या | वर्ग | रिर्माक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सहायक शिक्षक | - | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 ओबीसी | |
| 2 | सहायक ग्रेड 3 | - | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| | | | कुल रिक्त पद | 2 | | |

04) विद्यालय का नामः- सेजेस कोरर :-

| क्रमांक | पद नाम | विषय | माध्यम | रिक्त पद संख्या | वर्ग | रिर्माक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सहायक शिक्षक | - | अंग्रेजी माध्यम | 3 | 2 अनारक्षित<br>01 अजजा | |
| 2 | प्रयोगशाला सहायक | | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| | | | कुल रिक्त पद | 4 | | |

05) विद्यालय का नामः- सेजेस चारामा :-

| क्रमांक | पद नाम | विषय | माध्यम | रिक्त पद संख्या | वर्ग | रिर्माक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला | - | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| | | | कुल रिक्त पद | 1 | | |

06) विद्यालय का नामः- सेजेस हल्बा :-

| क्रमांक | पद नाम | विषय | माध्यम | रिक्त पद संख्या | वर्ग | रिर्माक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | व्याख्याता | जीव विज्ञान | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 2 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 3 | सहायक शिक्षक | - | अंग्रेजी माध्यम | 2 | 01 अनारक्षित<br>01 अजजा | |
| | | | कुल रिक्त पद | 4 | | |

Scanned with OKEN Scanner

07) विद्यालय का नामः- सेजेस कोडेकुर्से :-

| क्रमांक | पद नाम | विषय | माध्यम | रिक्त पद संख्या | वर्ग | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 2 | शिक्षक | विज्ञान | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 3 | शिक्षक | समाजिक विज्ञान | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 4 | सहायक शिक्षक | - | अंग्रेजी माध्यम | 3 | 01 अनारक्षित<br>01 अजजा<br>01 अजा | |
| | प्रयोगशाला सहायक | - | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अजजा | |
| | | | कुल रिक्त पद | 6 | | |

08) विद्यालय का नामः- सेजेस बान्दे :-

| क्रमांक | पद नाम | विषय | माध्यम | रिक्त पद संख्या | वर्ग | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | व्याख्याता | कार्मस | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अजजा | |
| 2 | शिक्षक | विज्ञान | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 3 | शिक्षक | समाजिक विज्ञान | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 4 | सहायक शिक्षक | - | अंग्रेजी माध्यम | 4 | 01 अनारक्षित<br>02 अजजा<br>01 अजा | |
| 5 | प्रयोगशाला सहायक | | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अजजा | |
| | | | कुल रिक्त पद | 8 | | |

09) विद्यालय का नामः- सेजेस हरनगढ :-

| क्रमांक | पद नाम | विषय | माध्यम | रिक्त पद संख्या | वर्ग | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | व्याख्याता | कार्मस | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 2 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 3 | व्यायाम शिक्षक | - | अंग्रेजी माध्यम | 01 | 01 अनारक्षित | |

D:\UC

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | सहायक शिक्षक | - | अंग्रेजी माध्यम | 2 | 01 अनारक्षित<br>01 अजजा | |
| 5 | सहायक शिक्षक विज्ञान | भौतिक | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 6 | सहायक ग्रेड 2 | - | **अंग्रेजी माध्यम** | 1 | 01 अनारक्षित | |
| | | | कुल रिक्त पद | 7 | | |

10) विद्यालय का नामः- **सेजेस कोयलीबेडा :-**

| क्रमांक | पद नाम | विषय | माध्यम | रिक्त पद संख्या | वर्ग | रिर्माक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | व्याख्याता | कार्मस | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अजजा | |
| 2 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 3 | व्यायाम शिक्षक | - | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 4 | सहायक शिक्षक | - | अंग्रेजी माध्यम | 4 | 01 अनारक्षित<br>01 अपिव<br>01 अजजा<br>01 अजा | |
| 5 | प्रयोगशाला सहायक | | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अजजा | |
| | | | कुल रिक्त पद | 8 | | |

11) विद्यालय का नामः- **सेजेस नरहरपुर :-**

| क्रमांक | पद नाम | विषय | माध्यम | रिक्त पद संख्या | वर्ग | रिर्माक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | व्याख्याता | कार्मस | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 ओबीसी | |
| 2 | व्याख्याता | जीवविज्ञान | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 3 | सहायक शिक्षक | - | अंग्रेजी माध्यम | 2 | 01 अनारक्षित<br>01 अजजा | |
| 4 | सहायक शिक्षक विज्ञान | भौतिक | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| 5 | सहायक शिक्षक विज्ञान | जीव विज्ञान | अंग्रेजी माध्यम | 1 | 01 अनारक्षित | |
| | | | कुल रिक्त पद | 6 | | |

11) विद्यालय का नामः- **सेजेस सरोना :-**

| क्रमांक | पद नाम | विषय | माध्यम | रिक्त पद संख्या | वर्ग | रिर्माक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

D:\UC

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक शिक्षक विज्ञान | भौतिक | अंग्रेजी माध्यम | 2 | 01 अनारक्षित<br>01 अजजा | |
| | | | कुल रिक्त पद | 2 | | |

➤ **सेजेस विद्याल के रिक्त पदों हेतु निर्धारित न्यूनतम अर्हताएँ निम्नानुसार है:-**

| क्र. | पदनाम | मानदेय | न्यूनतम शैक्षणिक/व्यावसायिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | व्याख्याता | 38100/- | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेण के साथ स्नातकोत्तर उपाधि उत्तीर्ण एवं बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य। |
| 2 | प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला | 35400/- | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण एवं NCTE के अनुसार डी.एड./डी.एलएड अनिवार्य।<br>2. NCTE के अनुसार प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।<br>3. <u>शैक्षणिक अध्यापन अनुभव अनिवार्य-</u> 05 वर्ष या उससे से अधिक शैक्षणिक अनुभव होने चाहिए 05 वर्ष से कम शैक्षणिक अनुभव को अमान्य किया जाएगा। |
| 3 | व्यायाम शिक्षक | 35400/- | 1. मान्यता प्राप्त मण्डल से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.पी.एड़ अथवा बी.पी.एड. सहित स्नातक।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |
| 4 | शिक्षक | 35400/- | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको के साथ संबंधित विषय में स्नातक उपाधि एवं NCTE के अनुसार बीएड अनिवार्य।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br>3. NCTE के अनुसार उच्च प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण अनिवार्य। |
| 5 | सहायक शिक्षक | 25300/- | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको के साथ 12वीं उत्तीर्ण एवं NCTE के अनुसार डी.एड./डी.एलएड अनिवार्य।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br>3. NCTE के अनुसार प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण होना अनिवार्य। |
| 6 | सहायक शिक्षक जीवविज्ञान | 25300/- | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से जीव विज्ञान के साथ उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. सपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यार्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगें। |
| 7 | प्रयोगशाला सहायक /सहायक शिक्षक भौतिक | 25300/- | 1. जीव विज्ञान/गणित विषय समूह के साथ मान्यता प्राप्त मण्डल से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |

D:\UC

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | ग्रंथपाल | 22400/- | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी के साथ स्नातक उपाधि एवं बी. लिब उपाधि अनिवार्य।<br>2. अंग्रेजी माध्यम के अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। |
| 9 | सहायक ग्रेड 03 | 19500/- | 1. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण<br>2. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम्प्यूटर में न्यनतम एक वर्षीय डिपलोमा<br>3. टायपिंग में 8000 प्रति घण्टे की गति होना चाहिए जिस हेतु कौशल परीक्षा का अयोजन किया जायेगा।<br>4. सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यार्थी ही आवेदन हेतु पात्र होगे। |
| 10 | सहायक ग्रेड 02 | 25300/- | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम्प्यूटर में न्यनतम एक वर्षीय डिपलोमा<br>3. टायपिंग में 10000 प्रति घण्टे की गति होना चाहिए जिस हेतु कौशल परीक्षा का अयोजन किया जायेगा।<br>4. सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यार्थी ही आवेदन हेतु पात्र होगे। |

➢ **चयन प्रक्रिया के संबंध में दिशा-निर्देश एवं शर्ते :-**

1. कार्यालय द्वारा जारी ऑनलाईन लिंक के माध्यम से आवेदन मान्य होगा। ऑफलाईन आवेदन/पंजीकृत डाक/ अमान्य होगें।
2. अंग्रेजी माध्यम के पदों के लिए आवेदकों की सम्पूर्ण शिक्षा मान्यता प्राप्त बोर्ड/वि.वि. से अंग्रेजी माध्यम से पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।
3. विज्ञापन पदों पर चयन हेतु विभिन्न कक्षाओं के प्राप्तांकों के लिए निम्नानुसार अधिभार के आधार पर मेरिट सूची तैयारी की जायेगी:-

| क्र | पदनाम | शैक्षणिक अर्हता में प्राप्तांक का प्रतिशत | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 10वी. | 12वीं | स्नातक | स्नातकोत्तर | कौशल परीक्षा | कुल |
| 1 | व्याख्याता | - | 20 | 30 | 50 | - | 100 |
| 2 | शिक्षक | 20 | 30 | 50 | - | - | 100 |
| 3 | व्यायाम शिक्षक | 20 | 30 | 50 | - | - | 100 |
| 4 | सहायक शिक्षक | 40 | 60 | - | - | - | 100 |
| 5 | सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला | 40 | 60 | - | - | - | 100 |
| 6 | प्रधान पाठक प्राथमिक | 40 | 60 | - | - | - | 100 |
| 7 | ग्रंथपाल | 20 | 30 | 50 | - | - | 100 |
| 8 | सहायक ग्रेड 3 | 30 | 50 | - | - | 20 | 100 |
| 9 | सहायक ग्रेड 2 | 20 | 20 | 40 | - | 20 | 100 |

4. दस्तावेज सत्यापन हेतु आवेदकों को उपरोक्त मेरिट के 05 अभ्यार्थी को बुलाया जायेगा। आमंत्रित आवेदक को अपने आवेदन एवं प्रमाण पत्र सहित उपस्थित होना होगा। आवेदक द्वारा प्रस्तुत एन्ट्री का प्रमाण पत्र के साथ परीक्षण किया जायेगा उपरोक्त शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के मेरिट के आधार पर चयन किया जायेगा।

D:\UC

Scanned with OKEN Scanner

5. चयन प्रक्रिया का आधार प्रावीण्य सूची होगी। लिखित परीक्षा/मौखिक परीक्षा का प्रावधान नही है सहायक ग्रेड 02/03 के पद हेतु कौशल परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

6. संविदा नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचित छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति नियम) 2012 के प्रावधानों के अनुसार की जावेगी।

7. संविदा नियुक्ति पदों पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है। शासकीय सेवा में समान पदों दावा की पात्रता नहीं होगी। शासन समिति के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय सेवा से पदच्युत किया जा सकता है।

8. अभ्यर्थी को छ.ग. राज्य के मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न कर अनिवार्य है।

9. आयु सीमाः-

(1) 01 जनवरी, 2026 को न्यूनतम आयु 21 वर्ष पूर्ण कर ली हो तथा 35 वर्ष की आयु पूरी न की हों।

(2) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमीलेयर) का हो, तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(3) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यार्थियों के लिये उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 वर्श तक शिथिलनीय होगी।

(4) निःशक्त व्यक्तिओं को सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।

(अ) छत्तीसगढ़ राज्य में निवास करने वाले समस्त निवासियां को 5 वर्ष की अतिरिक्त छूट देते हुए अधिकतम आयु 40 वर्ष हो।

10. सेजेस में कार्यरत संविदा शिक्षकीय कर्मचारी समान पद हेतु आवेदन नहीं कर सकेंगे। केवल उच्च पद हेतु आवेदन कर पायेंगें। इस हेतु शपथ पत्र सत्यापन के समय प्रसतुत करेगें। कि समान पद पर आवेदन नहीं किये है।

11. छ.ग. शासन द्वारा अधिसूचित संविदा भर्ती नियम 2024 के तहत अधिसूचित अवकाश नियम नियुक्ति संविदा कर्मचारी के लिए लागू होगा।

12. संविदा भर्ती कर्मचारी छ.ग. शासन सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के अधीन होंगे।

13. संविदा कर्मचारी को संविदा अवधि में पेंशन मृत्यु लाभ या अन्य कोई भी लाभ जो छ.ग. शासन के नियमित कर्मचारी को प्राप्त है, की पात्रता नहीं होगी।

14. विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है।

15. नियुक्ति हेतु चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

16. अपूर्ण एवं त्रुटि पूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जाएंगे अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

17. एक से अधिक आवेदन भरे जाने पर प्रथम आवेदन को ही मान्य किया जायेगा। शेष आवेदन स्वमेव निरस्त माना जायेगा।

18. शासन के द्वारा उक्त पदों पर नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।

19. राज्य शासन द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय हेतु समय-समय पर जारी निर्देशों के अधीन पंजीकृत सोसायटी विद्यालय के संचालन व शर्तो से संबंधित नियम/निर्देश जारी करेगी, जो सर्वमान्य व सभी के लिए बाध्यकारी होगा।

20. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछवा वर्ग के अभ्यार्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र सत्यापन के समय संलग्न करना आवश्यक है। प्रमाण पत्र के अभाव में आरक्षण का लाभ दिया जाना संभव नहीं होगा।

21. किसी भी अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा पर होने पर व नियमितिकरण के लिए किसी भी प्रकार का दावा नहीं करेगा।

D:\UC

Scanned with OKEN Scanner

22. उपरोक्त विज्ञापन माननीय उच्च नयायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी(सी)/क्रमांक/19668/2022 के अतिंम आदेश के अधिन होगा। जिले के सेटअप अनुरूप 100 बिन्दु के आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है।

23. उक्त विज्ञापित शैक्षणिक पदों में दर्शित न्यूनतम योग्यता आवेदन दिनांक तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा और शिक्षक के लिये सी.जी/सी टीईटी (पूर्व माध्यमिक स्तर) एवं सहा. शिक्षक के पद हेतु सी. जी/सी टीईटी (प्राथमिक स्तर) उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

**नियुक्ति अवधि :-**

1. छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के नियम 4 के अंतर्गत उल्लेखित संविदा नियुक्ति और स्वामी आत्मानंद शिक्षण समिति के निर्णय अनुसार सभी पदों पर संविदा नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए की जावेगी। तथापि प्राचार्य एवं समिति की अनुशंसा के आधार पर कर्मचारी की कार्यक्षमता का आंकलन करने के पश्चात् संविदा नियुक्ति की कालावधि (गोपनीय प्रतिवेदन के आधार पर) नवीनीकरण/बढ़ायी जा सकेगी।
2. संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा 03 माह का पूर्व सूचना या इनके एवज में 03 माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी। संविदा अवधि पूर्ण होने पर समिति द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा समाप्त की जा सकेगी।
3. अंतिम चयन सूची जारी होने के उपरांत बनाई गई प्रतीक्षा सूची 01 साल के लिए वैध होगी।

**निरर्हताएँ :-**

1. अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किन्ही भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को नियुक्तिकर्ता द्वारा चयन के लिए निरर्हित माना जा सकेगा।
2. कोई भी अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्ति नहीं किया जायेगा, तब तक कि उसे किसी मानसिक या शारीरिक दोष जो कि सेवा या पद के कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल सकता हो, से मुक्त घोषित न कर दिया जाये। परन्तु अपवादिक मामलों में अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा से पूर्ण किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अधीन नियुक्ति दी जा सकेगी, कि यदि वह चिकित्सकीय रूप से अस्वस्थ पाया जाता है, तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी।
3. कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध या अन्य अपराध का सिद्ध दोश ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हो तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जायेगा, जब तक उस अपराधिक प्रकरण का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चय न कर दिया जाये।

**अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में नियुक्तिकर्ता का निर्णय संबंधी :-** अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में नियुक्तिकर्ता का विनिश्चय अंतिम होगा।

1. चयन के लिए अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में नियुक्तिकर्ता का विनिश्चय अंतिम होगा। चयन प्रक्रिया के किसी भी समय पर अथवा नियुक्तिकर्ता को चयन सूची भेजने के बाद भी यदि नियुक्तिकर्ता के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पायी गई है तो निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति नियुक्तिकर्ता द्वारा बिना पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।
2. सत्यापन में अभ्यर्थी के अनुपस्थित रहने पर अयोग्य माना जायेगा।
3. जिले में संचालित सेजेस में रिक्त पदों पर अभ्यर्थी योग्य नहीं पाये जाने की स्थिति में प्रतिक्षा सूची के अभ्यर्थी की सहमति लेकर अन्य सेजेस स्कूलों में नियुक्ति की जा सकेगी।

**अन्य निर्देशः-**

1. नियुक्ति उम्मीदवार को उनके पद के अनुसार शासन द्वारा समय-समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार वेतन देय होगा।
2. संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि वेतन के रूप में देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई विषेश वेतन, महंगाई भत्ता, क्षतिपूर्ण भत्ता, गृह भाड़ा, इत्यादि नहीं दिया जाएगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नहीं होगी।

D:\UC

Scanned with OKEN Scanner

3. नियुक्ति पश्चात अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत 15 दिवस के भीतर शासकीय मेडिकल बोर्ड फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

4. विज्ञापन एवं अद्यतन जानकारी जिले के www.kanker.gov.in पर अवलोकरन करते रहें।

**(कलेक्टर एवं अध्यक्ष, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा अनुमोदित)**

**संलग्नः- ऑनलाईन आवेदन हेतु निर्देश।**

**(रमेश कुमार निषाद)**
**जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव**
**उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति,**
**जिला-उत्तर बस्तर कांकेर, छत्तीसगढ़**

क्रमांक/......17....../जिला शिक्षा/सेजेस/भर्ती/2025-26 कांकेर, दिनांक...1../.4./2026

**प्रतिलिपि :-**

1. प्रमुख सचिव, छ.ग शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय,महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग.को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. कलेक्टर एवं अध्यक्ष, उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर को सादर सूचनार्थ।
4. संयुक्त संचालक (शिक्षा) संभाग-बस्तर, जगदलपुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी, उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर को सूचनार्थ।
6. जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव, उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति, जिला-उ.ब. कांकेर को सादर सूचनार्थ।
7. सर्व संबंधित सदस्य, उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति, जिला-उ.ब. कांकेर के समस्त उत्कृष्ट विद्यालय को सूचनार्थ।
8. सहायक संचालक जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला कांकेर को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
9. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी.कांकेर को सूचनार्थ एवं उक्त विज्ञापन विस्तृत विवरण सहित जिले के वेबसाइट में तत्काल अपलोड करने हेतु।
10. विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड-कांकेर जिला-उत्तर बस्तर कांकेर को सूचनार्थ व सूचना पटल में चस्पा हेतु।
11. प्राचार्य, शास. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ........................ विकासखण्ड-............................ जिला-उत्तर बस्तर कांकेर को सूचनार्थ व सूचना पटल में चस्पा हेतु।

**जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव**
**उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति,**
**जिला-उत्तर बस्तर कांकेर, छत्तीसगढ़**

Scanned with OKEN Scanner